हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026

[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

06 चंदाना, बिंजाना में 20 दिनों में 13 लोगों की मौत का दावा, प्रशासन को...



09 जिलाधिकारी के विधानसभावार बीएलओ ट्रेनिंग कराने रिटर्निंग अफसरों को...



खबर संक्षेप में



भारत पेंशनर समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन

सीतामऊ। भारत पेंशनर समाज तहसील शाखा सीतामऊ की नवीन कार्यकारिणी का गठन संगठन के जिला उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पवार एवं तहसील अध्यक्ष मोती सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में किया गया । सनरक्षक पद पर प्रकाश पटवारी, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राजगुरु, उपाध्यक्ष बसंती लाल चौहान, श्रीमती डॉक्टर रीता मेहता, व लतीफ खान पठान, सचिव नंदलाल मोड, सहसचिव गोविंद कुमार सांवरा व मांगीलाल परिहार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम पटेल, प्रचार सचिव मोतीलाल परमार एवं कार्यकारिणी में नंदकिशोर भट्ट, अशोक कुमार टेलर, शिवनारायण राठौर, मंगलेश्वर द्विवेदी, शंकर लाल सूर्यवंशी, भगवान दास बैरागी, राधेश्याम लोहार, पूरा लाल देवड़ा, कैलाश चंद्र लोहार एवं रमेश पुनवानी को सर्वानुमति से मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा, ताज मोहम्मद खिलजी, जगन्नाथ पंवार, नरेंद्र कुमार रावत, मदन लाल जैन, जाकिर हुसैन आदि रहे मौजूद।

सांसद गुप्ता ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जताया आभार

अफीम नीति घोषित,10 हजार से अधिक नए किसान अफीम खेती से जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

केंद्र सरकार द्वारा अफीम नीति वर्ष 2026-27 घोषित किए जाने पर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नई अफीम नीति में अफीम उत्पादक किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। चीरा एवं सीपीएस पद्धति के किसानों को राहत देने के साथ ही 10 हजार से अधिक नए किसानों को अफीम खेती से जोड़ने का निर्णय महत्वपूर्ण है।

चीरा पद्धति के किसानों को 10 आरी लाइसेंस की पात्रता

सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि चीरा पद्धति के अंतर्गत पिछले वर्ष मॉर्फिन औसत 4.4 से अधिक जमा कराने वाले सभी पात्र किसान निर्धारित शर्तों के अधीन 10 आरी का लाइसेंस प्राप्त कर अफीम की बुवाई करने की पात्रता रखेंगे। इससे परंपरागत चीरा पद्धति से खेती करने वाले किसानों को लाभ मिलेगा।

पिछले वर्ष पात्र रहे, लेकिन लाइसेंस नहीं ले सके किसानों को राहत



सीपीएस पद्धति के अंतर्गत ऐसे किसान, जो पिछले वर्ष अफीम लाइसेंस प्राप्त करने की पात्रता रखते थे, लेकिन किसी कारणवश लाइसेंस प्राप्त नहीं कर सके, उन्हें भी आगामी नीति में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। ऐसे पात्र किसानों को निर्धारित नियमों के अनुसार 5 आरी का लाइसेंस प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वही नई नीति के अंतर्गत ऐसे किसानों को भी राहत देने का प्रावधान किया गया है, जो एनडीपीएस प्रकरण में दोषमुक्त हो चुके हैं। ऐसे किसानों को निर्धारित नियमों एवं पात्रता शर्तों के अनुसार अफीम नीति में शामिल कर लाइसेंस प्रक्रिया में अवसर प्रदान किया जाएगा।ऑनलाइन पोर्टल पर जारी होगी पात्र किसानों की सूची

मॉर्फिन औसत 3.0 से 4.4 के बीच रहने वाले किसानों को राहत

सीपीएस पद्धति के अंतर्गत ऐसे पात्र किसानों को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने पिछले फसल वर्ष में मॉर्फिन औसत 3.0 से अधिक, लेकिन 4..4 से कम जमा कराया था। ऐसे किसानों को निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार 5 आरी का लाइसेंस प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसी के साथ ही सीपीएस पद्धति के अंतर्गत पिछले वर्ष ऐसे किसान, जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 800 किलोग्राम से अधिक पोस्त भूसा विभाग में जमा कराया था, वे सभी किसान निर्धारित शर्तों के अधीन इस वर्ष 5 आरी क्षेत्र में खेती करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की पात्रता रखेंगे। इस प्रावधान से संबंधित किसानों को राहत मिलेगी।

10 हजार से अधिक नए किसान अफीम खेती से जुड़ेंगे

नई अफीम नीति में वर्ष 1998-99 से 2002-03 तक के संबंधित किसान भाइयों को विशेष राहत प्रदान की गई है। इन किसानों के लिए मॉर्फिन औसत के निर्धारित मानक में 2 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की कमी करते हुए पात्रता का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 10 हजार से अधिक नए किसान अफीम खेती से जुड़ेंगे तथा पात्र किसानों को सीपीएस पद्धति के अंतर्गत 5 आरी का लाइसेंस प्राप्त होगा। इस निर्णय से संबंधित किसानों को अफीम की खेती करने का अवसर मिलेगा।

पिछले वर्ष होल्ड किए गए किसानों को भी मिलेगा लाइसेंस

सीपीएस पद्धति के अंतर्गत पिछले वर्ष जिन किसानों के लाइसेंस होल्ड किए गए थे, उन्हें भी राहत प्रदान करते हुए इस वर्ष 5 आरी का लाइसेंस देने का प्रावधान किया गया है। निर्धारित पात्रता एवं शर्तों को पूरा करने वाले संबंधित किसानों को इससे अफीम की खेती करने का अवसर मिलेगा।

सीपीएस पद्धति में पांच फसल वर्षों के लिए एकमुश्त लाइसेंस

सांसद सुधीर गुप्ता ने सीपीएस पद्धति के अंतर्गत पांच फसल वर्षों के लिए एकमुश्त लाइसेंस देने के निर्णय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे पात्र किसानों को आगामी वर्षों में लाइसेंस व्यवस्था में निरंतरता मिलेगी और बार-बार लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया से गुजरने की परेशानी कम होगी।

किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

किसानों को रबी फसल के लिए 10 घंटे विद्युत प्रदाय किया जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील क्षेत्र के किसानों को रबी फसलों के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 10 घंटे विद्युत प्रदाय किया जावे। गत 6 अक्टूबर को दिए गए ज्ञापन के संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि तीन दिवस में उक्त मांग पत्र अनुसार कार्रवाई नहीं की गई तो 27 अक्टूबर को भारतीय किसान संघ द्वारा स्थानीय विद्युत ग्रीड का घेराव कर सरदार पटेल चौराहे पर चक्का जाम किया जाएगा। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नलखेड़ा द्वारा शनिवार को स्थानीय विद्युत मंडल कार्यालय पर कनिष्ठ यंत्री के नाम पर एक ज्ञापन तहसील उपाध्यक्ष परमानंद पाटीदार, प्रभुलाल रिछी, रामसिंह की उपस्थिति में दिया गया ज्ञापन में किसान संघ पदाधिकारीयों द्वारा तहसील क्षेत्र के किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर मांग की गई की विभाग द्वारा ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जावे की रबी फसलों के लिए किसानों को 10 घंटे विद्युत प्रदाय मिल सके। किसी कारणवश बीच में लाइट की बाध्यता आती है तो उसकी समयावधि बढ़ाकर किसानों को 10 घंटे विद्युत प्रदाय किया जावे। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में नलखेड़ा तहसील क्षेत्र का एक भी एरिगेशन फीडर ऐसा नहीं है जिस पर 10 घंटे तक निबाध्य रूप से विद्युत सप्लाय किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी भारतीय किसान संघ द्वारा 6 अक्टूबर को किसानों की विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर पत्र क्रमांक 158 से आवेदन दिया गया था। परंतु उस पर आज दिनांक तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं गई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई की यदि तीन दिवस में किसानों की उक्त संबंधित मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो 27 अक्टूबर को भारतीय किसान संघ तहसील इकाई विद्युत ग्रीड का घेराव कर चक्का जाम किया जाएगा।

शरद पूर्णिमा तक देवालयों में गूंजेंगे माता रानी के जयकारे

पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन में भजन-कीर्तन व गरबा नृत्य की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मां अंबे की भक्ति, आस्था और उल्लास से नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार नगर में मां अंबे की पवित्र ज्योत विधि-विधान से प्रज्वलित कर विराजित की गई है। ज्योत के समक्ष भक्तजन माता रानी के भजनों पर ढोलक की थाप के साथ गरबा नृत्य कर आराधना कर रहे हैं। पांच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में देर रात तक भजन-कीर्तन का सिलसिला जारी रहता है और श्रद्धालु मां अंबे की भक्ति में लीन नजर आते हैं।नगर के शिवडेरा मंदिर, पीपल चौक, मालवीय मोहल्ला, राजवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर मां अंबे की ज्योत विराजित की गई है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर माता रानी की आरती में शामिल हो रहे हैं। ज्योत के चारों ओर भक्तजन पारंपरिक गरबा नृत्य करते हुए सुंदर भजनों के माध्यम से मां आदिशक्ति की आराधना कर रहे हैं। ढोलक की थाप, भक्ति गीतों की मधुर धुन और माता रानी के जयकारों से गलियां और मोहल्ले गूंज उठते हैं।पांच दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। वहीं, नगर के विभिन्न देवालयों में शरद पूर्णिमा तक धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा। मां अंबे की ज्योत के दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल के बीच माता रानी के प्रति श्रद्धा और उत्साह दिखाई दे रहा है।

राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे कमला सागर विद्यालय के अभिषेक चौधरी

नलखेड़ा। स्थानीय कमला सागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार खिलाड़ी अभिषेक चौधरी ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभिषेक 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि के साथ ही वह जिले से राष्ट्रीय स्तर की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। अभिषेक का चयन 6 से 11 सितंबर तक सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की और नगर सहित जिले को गौरवान्वित किया।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों को और बेहतर बनाने के लिए अभिषेक 25 से 30 अक्टूबर तक सीहोर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भी भाग लेंगे। इस शिविर में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को अभ्यास, तकनीक और प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के बाद अभिषेक दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होंगे। अभिषेक की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़, प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं नगर व जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इनके चयन पर विद्यालय में उनका सम्मान किया गया। अभिषेक की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि सम्पूर्ण नगर के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की प्रेरणा मिलेगी।

नवपद सिद्धचक्र महापूजन का धार्मिक आयोजन आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में नव दिवसीय नवपद ओलीजी की आराधना चल रही है। इसी के तहत रविवार को उपाश्रयजी मे नवपद सिद्धचक्र महापूजन का धार्मिक आयोजन होगा। कार्यक्रम में ओली के आराधकों के साथ समाज जनों द्वारा भाग लिया जाएगा। जैन समाज में इस वर्ष कलिकुण्ड तीर्थोधारक परम पूज्य राजेंद्रसूरीश्वर जी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 का चातुर्मास चल रहा है। साध्वी मंडल की निश्रा में श्रीसंघ में शाश्वत नवपद ओलीजी की आराधना 18 अक्टूबर से चल रही है। इसमें समाज की महिलाओं द्वारा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक क्रियाओं के साथ आयंबिल तप किया जा रहा हैं। ओलीजी के सातवें



दिन आराधकों द्वारा सम्यग ज्ञान पद की आराधना जैन मंदिर में स्थित नवपदजी के पट के समक्ष की गई। इसमें 51 स्वस्तिक,51खमासणा, 51प्रदक्षिणा, कार्योत्सर्ग मुद्रा में 51 लोगस्स के साथ मंत्र जाप तथा अन्य धार्मिक क्रियाएं की गई। ओली आराधना का समापन 26 अक्टूबर को होगा। ओलीजी के तहत रविवार को जैन उपाश्रयजी में सम्पूर्ण ओलीजी करवाने वाले लाभार्थी गुप्त परिवार द्वारा नवपद सिद्धचक्र महापूजन का आयोजन रखा गया है। इसके लिए आराधना भवन में सुंदर मांडले की रचना की गई है जिस पर विजय मुहूर्त दोपहर 12.39 से विधिकारक चंपक भाई शाह बड़ोदरा गुजरात साध्वी मंडल की उपस्थिति में विधि विधान तथा मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न करवाएंगे। पूजन में भाग लेने वाले सभी श्रावक श्राविकाओं द्वारा पूजन के वस्त्र में परमात्मा तथा नवपदजी पट का अभिषेक तथा केसर पूजन कर विभिन्न सामग्री जिसमें फल, फूल, नैवेद्य, अक्षत, धूप, दीप आदि अष्टप्रकारी पूजन सामग्री मांडले पर चढ़ाई जाएगी।

गुरुकुल स्कूल की 6 छात्राएं विज्ञान मंथन यात्रा में चयनित

नलखेड़ा। क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में आगर मालवा जिले से केवल 6 छात्राओं का चयन अक्टूबर माह में होने वाली 3 दिवसीय विज्ञान मंथन यात्रा में किया गया था। यह सभी छात्रा गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल नलखेड़ा की हैं। विज्ञान मंथन यात्रा में चयनित होने वाले सभी छात्रा कक्षा 8वीं की छात्रा प्रिशा सिसोदिया पिता महेंद्र सिंह सिसोदिया और कक्षा 9वीं की आरती सिसोदिया पिता दिलीप सिंह सिसोदिया, हर्षिता गोठी



पिता सीताराम गोठी, खुशी गेहलोत पिता राजेश गेहलोत, स्तुति पाटीदार पिता अभिषेक पाटीदार और यश्मि शर्मा पिता नागेश कुमार शर्मा गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल से है। जिनका चयन 2026-27 मे आयोजित होने वाली विज्ञान मंथन यात्रा के लिए हुआ था। शिक्षक शैलेंद्र कसेरा ने बताया कि मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करने प्रतिवर्ष विज्ञान मंथन यात्रा का आयोजन किया जाता है।

ई चौपाल पर किसान मीटिंग का आयोजन हुआ



नाहरगढ। आईटीसी ई चौपाल सागर हब पर दिनांक 25 अक्टूबर 26 शनिवार को हीरो बाईक ग्राहक दिवस का आयोजन आईटीसी चौपाल सागर परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेश पाठक स्टोर मैनेजर ने करते हुए हीरो व आईटीसीमार्स के बारे मे बताया। हीरो कंपनी के राम दसुलानिया ने कंपनी के बारे में हीरो बाइक्स के फीचर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आयोजन मे किसान व संचालक एव एपीयो के सदस्य उपस्थित थे । हीरो बाइक्स का हेल्थ जरूरी है , बाईक का चेकअप किया गया एवं कार्यक्रम के अतिथि पूर्व संरपच राजाखेड़ी भारतसिंह तथा आईटीसी प्रबंधक ललित लालवानी मंचासिन थे ।

वार्ड क्रमांक 11 में 9.15 लाख रुपए की लागत से बनेगी सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



नगर के वार्ड क्रमांक 11 में विकास कार्यों को गति देते हुए सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। करीब 9.15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से मोहल्लेवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही सड़क संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलने की उम्मीद है।सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह है। सड़क बनने से स्थानीय रहवासियों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र में आवागमन की व्यवस्था बेहतर होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी, पार्षद विजयलक्ष्मी राजेश माली, पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल, पार्षद प्रतिनिधि बनेसिंह चौहान, एल्डरमैन दिनेश बिजापारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पार्षद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, कन्हैयालाल परमार, भरतसिंह संगवालिया, महेश सूर्यवंशी, अमित पटवाल (उपयंत्री), अशोक कुमार पाठक, तूफान सिंह सोंधिया, मुकर्रब हुसैन, पंकज माली, राजेश सोनी सहित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

अनाधिकृत पंडितों की बढती संख्या पर रोक व रात्रिकालीन हवन पूर्णतः बंद करने की मांग

मंदिर की गरिमा व सुरक्षा के लिए ब्राह्मण सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

माँ बगलामुखी मंदिर की गरिमा बनाए रखने व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुवे माँ बगलामुखी ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा प्रबंध समिति अध्यक्ष व थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौपकर अनाधिकृत पंडितों की बढती संख्या पर रोक लगाने एवं रात्रिकालीन हवन पूर्णतः बंद करने की मांग की गई है। शनिवार को माँ बगलामुखी ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा स्थानीय तहसील कार्यालय पर तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव को दो ज्ञापन सौपे गए।

पहले ज्ञापन में ब्राह्मण सेवा समिति ने बताया कि मंदिर क्षेत्र में अनाधिकृत पंडितों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसके कारण अव्यवस्थाएं उत्पन्न हो रही है जिसके कारण श्रद्धालुओ को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि मंदिर





प्रबंध समिति द्वारा अधिकृत पंडितों को लाल व पीले कार्ड जारी किए गए है। नियमानुसार केवल अधिकृत पंडितों को ही मंदिर परिसर में रहने की अनुमति दी जाए। यदि कोई अनाधिकृत पंडित मंदिर परिसर में घूमता अथवा अव्यवस्था फैलाते पाया जाए तो पुलिस प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुवे उसे मंदिर परिसर से बाहर किया जाए। साथ ही यदि कोई पीला कार्डधारी पंडित भी श्रद्धालु से पूछताछ या अपने स्तर पर प्रभावित करते हुवे पाया जाए तो उसकी जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्ड जब्त करने की कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागूकरने से मंदिर परिसर में अनुशासन बना रहेगा, श्रद्धालुओं को अनावश्यक असुविधाओं से बचाया जा सकेगा तथा माँ बगलामुखी मंदिर की गरिमा व प्रतिष्ठा सुरक्षित रह सकेगी।

रात्रिकालीन हवन बंद करने की मांग

मां बगलामुखी ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा एक अन्य ज्ञापन सौपा गया जिसमें बताया गया कि माँ बगलामुखी मंदिर पर दूर दूर से श्रद्धालु पूजन, हवन, अनुष्ठान के लिए आते है। विगत कुछ समय से मंदिर में रात्रिकालीन हवन के चलते रात्रि के समय श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ गया है। इसके कारण श्रद्धालुओं के साथ कई अप्रिय व अनहोनी घटनाएं सामने आ रही है,जिससे मंदिर व नलखेड़ा क्षेत्र की गरिमा व प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं मंदिर परिसर में उचित व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, मंदिर की मर्यादा व मंदिर व क्षेत्र की गरिमा को ध्यान में रखते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पर रात्रिकालीन हवन पूर्णतः बंद करवाए जाए एवं इसके लिए तत्काल आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाए।

खबर संक्षेप

स्व.सेठ मन्नूलाल गर्ग स्मृति में 27 अक्टूबर को होगा कवि सम्मेलन



देवास। कैलादेवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा स्व सेठ मन्नूलाल गर्ग की जन्म जयंती पुण्य दिवस पर 27 अक्टूबर को कैला देवी मंदिर परिसर में रात्रि 8.30 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। आयोजक दीपक गर्ग ने बताया कि इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि सबरस कवि रावअजात शत्रु उदयपुर राजस्थान, हास्य कवि दीपक पारिख भीलवाड़ा राजस्थान, हास्य एवं व्यंग के मिट्ठू मिठास चिन्नई, श्रृंगार रस की कवियत्री सुश्री सुनीता पटेल जबलपुर, गजल एवं गीतकार डॉ शुभम त्यागी मेरठ, हास्य कवि दिनेश दिग्गज उज्जैन, हास्य कवि पंकज जोशी देवास एवं सूत्रधार हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट उज्जैन अपनी उम्दा रचनाओं का पाठ करेंगे। समिति संयोजक रायसिंह सेंधव, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल ,पूर्व महापौर रेखा वर्मा, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास राजेश यादव ,राजेश खत्री ,मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय ,रमन शर्मा जयेश गर्ग ,हितेश गर्ग , अजब सिंह ठाकुर एवं समिति ने देवास की समस्त काव्य प्रेमी जनता से अपील की है कि इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पधार कर आयोजन को सफल बनाए ।

जिले के दो गांवों में मौतों से हड़कंप, शराब पीने से मौत का आरोप

चंदाना, बिंजाना में 20 दिनों में 13 लोगों की मौत का दावा, प्रशासन को रिपोर्ट का इंतजार

प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार के मुताबिक, मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति होगी साफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के दो गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर चंदाना और उसके पड़ोसी गांव बिंजाना में 27 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच 13 लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि इनमें से कई लोगों की मौत शराब पीने के बाद हुई। कुछ लोगों को उल्टियां हुईं, आंखों की रोशनी चली गई और हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। वहीं, दो बीमारों का अस्पताल में इलाज जारी है। हालांकि, प्रशासन ने जहरीली शराब से मौत होने की पुष्टि नहीं की है। मृतकों के पोस्टमार्टम के बाद बिसरा जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। ग्रामीणों के मुताबिक, चंदाना में नौ और बिंजाना में चार लोगों की मौत हुई है।

मृतकों में ज्यादातर मजदूर बताए जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी। चंदाना के ग्रामीणों के अनुसार, 15 अक्टूबर को चार दोस्तों ने एक साथ बैठकर शराब पी थी। अगले दिन चारों की मौत हो गई। वहीं, शराब पीने के बाद बीमार हुए दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने भी अपने परिजनों की मौत के पीछे शराब सेवन को कारण बताया है। हालांकि, कुछ मामलों में शराब पीने को लेकर परिजनों और ग्रामीणों के बयान अलग-अलग हैं। ऐसे में सभी मौतों के कारणों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। दूसरी ओर, प्रशासन ने जहरीली शराब से मौत होने के दावों पर फिलहाल विराम नहीं, बल्कि जांच रिपोर्ट आने तक इंतजार करने की बात कही है। प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार के मुताबिक, मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर बिसरा एफएसएल जांच के लिए भेजा गया है। आबकारी विभाग ने शराब की बोतलों के बैच नंबर के आधार पर जब्त शराब के लाइसेंसी होने की जानकारी दी है। प्रशासन का कहना है कि एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि शराब में किसी जहरीले पदार्थ की मौजूदगी थी या नहीं। जांच में दोष सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव देवास पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवार जनों से मुलाकात की और इस मामले को लेकर सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। विपक्षी नेताओं ने मौतों की निष्पक्ष जांच कराने, कथित अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन मौतों की गंभीरता को कम करके दिखा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। उन्होंने प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार से मुलाकात भी की। प्रशासन ने बीती रात प्रेस नोट जारी कर जहरीली शराब से मौत के मामले तथ्यहीन और भ्रामक बताया था। फिलहाल चंदाना और बिंजाना में हुई मौतों के मामले में सबसे अहम सवाल यही है कि लोगों की जान जाने और आंखों की रोशनी प्रभावित होने की वजह क्या थी? ग्रामीण शराब को जिम्मेदार बता रहे हैं, जबकि प्रशासन का कहना है कि एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे मौतों की असली वजह सामने आने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई का रास्ता साफ होने की उम्मीद है।

चल समारोह में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने छह स्मार्टफोन किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

माँ दुर्गा विसर्जन मुख्य चल समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 60 हजार रुपये कीमत के छह स्मार्टफोन जब्त किए गए हैं। मामले में मोबाइल चोरी के छह प्रकरणों का खुलासा हुआ है। सीएसपी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। ऑपरेशन त्रिनेत्रम् के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह तक पहुंच बनाई गई।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में नीलेश सोलंकी और निखिल सोलंकी निवासी देवास सहित राज सोलंकी, जयसूर्या पवार, भगत सोलंकी, युवराज सोलंकी और नीलछाम सोलंकी निवासी उज्जैन शामिल हैं। दो बालक गुना और उज्जैन जिले के निवासी हैं।कोतवाली थाने में फरियादियों की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 754/2026 से 759/2026 तक, धारा 303(2) बीएनएस के तहत छह प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जब्त मोबाइलों में वनप्लस, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, रियलमी और रेडमी कंपनियों के फोन शामिल हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और शेष चोरी के मोबाइलों की बरामदगी के संबंध में जांच कर रही है।

शरद पूर्णिमा पर होगा औषधि का वितरण

देवास। शरद पूर्णिमा के अवसर पर गौतमाश्रम पर गुर्जर गौड़ नगर सभा एवं महर्षि गौतम सेवा ट्रस्ट के सहयोग से दमा, श्वांस एवं एलर्जी की दिव्य औषधि का निशुल्क वितरण 25 अक्टूबर रविवार को दूध के साथ रात्रि 9 बजे से गौतमाश्रम त्रिवेणी नगर उज्जैन रोड पर किया जाएगा। वरिष्ठ आयुर्वेद वैद्य सुरेश व्यास ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की किरणों के साथ अमृत की वर्षा होती है, जब दिव्य औषधि मिश्रित खीर में यह अमृतमयी चंद्र किरणें मिलती है तो यह असाध्य एवं कष्टदायी दमा-श्वांस एवं एलर्जी से होने वाली बार बार की कष्टदायक सर्दी खांसी में चमत्कारिक लाभ पहुंचाती है।

जिले के कोटवारों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, मांगों को लेकर धरने पर डटे



देवास। मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के लगभग 38 हजार कोटवार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल एवं धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में देवास जिले के कोटवार भी एबी रोड स्थित मंडूक पुष्कर धरना स्थल पर धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष अम्बाराम मालवीय ने बताया कि 24 अक्टूबर को हड़ताल का तीसरा दिन रहा। कोटवार अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं तथा शासन से शीघ्र मांगें पूरी करने की मांग कर रहे हैं। संघ द्वारा आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 28 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। देवास में भी मंडूक पुष्कर धरना स्थल से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली जाएगी तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कोटवारों की समस्याओं के निराकरण की मांग की जाएगी। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 30 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। कोटवार संघ द्वारा कोटवारों को नियमित शासकीय कर्मचारी घोषित करने, सेवा भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने, कोटवार वर्दी की राशि पूर्व की तरह कोटवारों के खाते के माध्यम से भुगतान करने अथवा भूमि के अभिलेखों में नाम दर्ज करने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार वेतन में प्रतिवर्ष 500 रुपए की वृद्धि लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। संघ का कहना है कि सेवाकाल के दौरान किसी कोटवार की मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के साथ ही परिवार के पात्र सदस्य को नौकरी प्रदान की जाए, ताकि संकट की स्थिति में परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

फिरोज खान की संपत्तियों का आंकड़ा 21.65 करोड़ पहुंचा, बाजार कीमत 68 करोड़ से अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान और उनके सहयोगियों के निवास एवं अन्य ठिकानों पर लोकायुक्त की सर्च कार्रवाई में संपत्तियों को लेकर नए तथ्य सामने आए हैं। 24 अक्टूबर तक की जांच में अब तक 21 करोड़ 65 लाख 39 हजार रुपये की चल-अचल संपत्ति का पता चला है। वहीं, 51 अचल संपत्तियों की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 68 करोड़ 1 लाख 90 हजार रुपये आंकी गई है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मार्गदर्शन में 14 अक्टूबर 2026 को फिरोज खान के विभिन्न आवासों और ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से विवेचना के दौरान संपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।जांच में देवास जिले के राजोदा में पहले सामने आई कृषि भूमियों के अतिरिक्त एक और भूमि की जानकारी मिली है। दस्तावेजों के अनुसार, रोशनी वर्मा और रानू कुशवाह के नाम पर 11 जून 2024 को पटवारी हल्का नंबर 68 में 1.15 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदी गई थी। इस भूमि की रजिस्ट्री में कीमत 1 करोड़ 65 लाख 2 हजार 498 रुपये दर्ज है, जबकि इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 30 लाख रुपये बताई गई है।लोकायुक्त की अब तक की जांच में कुल 51 अचल संपत्तियां सामने आई हैं। इनकी गाइडलाइन के अनुसार क्रय कीमत 19 करोड़ 94 लाख 55 हजार रुपये बताई गई है, जबकि वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 68 करोड़ 1 लाख 90 हजार रुपये अनुमानित है। इसके अलावा चल संपत्तियों को मिलाकर अब तक कुल 21 करोड़ 65 लाख 39 हजार रुपये की संपत्ति का पता चला है।

गजरा गियर्स चौराहे पर निगम ने हटाए अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने और आम नागरिकों के आवागमन को सुगम करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार, को निगम की टीम ने गजरा गियर्स चौराहे पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाए। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम के रिमूवल एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने चौराहे पर ठेले-गुमटियों और सड़क किनारे अवैध रूप से रखे सामानों को हटाया।नगर निगम द्वारा निगम से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। इसी के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।निगमायुक्त दलीप कुमार ने नागरिकों से सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करने तथा शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। कार्रवाई के दौरान अस्थाई अतिक्रमण प्रभारी हेमंत उबनारे, उपयंत्री करुणा दसोरिया, रिमूवल दरोगा अबरार खान, हितेश पटेल सहित नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

नगर निगम ने बिना लाइसेंस संचालित हो रही कंपनी को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम ने बिना लाइसेंस व्यवसाय संचालित करने पर एबी रोड स्थित कालानीबाग में ब्लिंक कॉमर्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम ने कंपनी को सील कर दिया। कंपनी पर विभिन्न मदों में कुल 92 हजार रुपए से अधिक की चालानी कार्रवाई की गई।नगर निगम के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि कंपनी के सुपरवाइजर को पूर्व में सूचना देकर निर्धारित समयावधि में लाइसेंस बनवाने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद कंपनी द्वारा लाइसेंस नहीं बनवाया गया। इसके बाद निगम की टीम ने कार्रवाई की।कार्रवाई के तहत ट्रेड लाइसेंस शुल्क के रूप में 11 हजार 460 रुपए, कचरा संग्रहण शुल्क के रूप में 67 हजार 500 रुपए, सीवरेज शुल्क के रूप में 3 हजार 175 रुपए तथा 10 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इन सभी मदों की कुल राशि 92 हजार 135 रुपए होती है, जबकि निगम की विज्ञप्ति में कार्रवाई की राशि 92 हजार रुपए बताई गई है। निगम के अनुसार, कंपनी द्वारा निर्धारित राशि जमा करने के बाद उसे व्यवसाय संचालित करने की अनुमति दे दी गई। निगमायुक्त दलीप कुमार ने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित सभी छोटे-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और व्यावसायिक गतिविधियों वाले कार्यालयों के लिए नियमानुसार लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

प्रस्फुटन समितियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सोनकच्छ, जिला देवास के अंतर्गत नवांकुर संस्था शिव मोहिनी सामाजिक सेवा समिति द्वारा सेक्टर चौबारा जागीर में पुष्पगिरी तीर्थ पर सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डॉ. सुप्रीति यादव, विकासखंड समन्वयक मानसिंह मालवीय एवं विशेष अतिथि जितेंद्र नागर उपस्थित रहे। जिला समन्वयक डॉ. सुप्रीति यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उद्देश्यों और समाज में जनभागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रस्फुटन समितियां सामाजिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण इकाई हैं। समितियां अपने कार्यक्रमों का आयोजन कर उनका दस्तावेजीकरण करें तथा त्रैमासिक प्रतिवेदन तैयार करें। विकासखंड समन्वयक मानसिंह मालवीय ने सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, जैविक खेती और बोरी बंधान जैसे विषयों पर जानकारी दी। विशेष अतिथि जितेंद्र नागर ने कहा कि प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिवों का संवाद कौशल बेहतर होना चाहिए, ताकि वे ग्रामीणों से प्रभावी संवाद कर अपने कार्यों की जानकारी दे सकें। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता सोहन उपाध्याय ने किया, जबकि आभार नवांकुर संस्था के अध्यक्ष नितेश कोटड़िया ने माना।

विधायक, प्रभारी कलेक्टर और जिला पंचायत सिईओ ने किया उद्योग संवाद

14 हितग्राहियों को 1.59 करोड़ से अधिक के ऋण वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत टोंकखुर्द विकासखंड के ग्राम चिड़ावद में उद्योग संवाद का आयोजन किया गया।

विधायक डॉ. राजेश सोनकर, प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे की उपस्थिति में आयोजित उद्योग संवाद में उद्योगपतियों, स्थानीय उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्र के औद्योगिक विकास, निवेश को प्रोत्साहन, स्वरोजगार के अवसरों के विस्तार तथा स्थानीय उद्योगों के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।

संवाद के दौरान महिलाओं द्वारा संचालित स्वरोजगार गतिविधियों, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती एवं अन्य लघु उद्योगों के विस्तार की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने उद्यमियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।



ऋण स्वीकृति पत्र किए वितरित

उद्योग संवाद के दौरान मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 14 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 59 लाख 78 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। जिसमें देवकरण पटेल को 24 लाख रुपये, मेघा राजपूत को 5 लाख 30 हजार रुपये, करण खगोड़ा को 6 लाख 12 हजार रुपये, सद्गुरु स्व-सहायता समूह को 6 लाख रुपये, विशेष मंडलोई को 48 लाख 50 हजार रुपये, मां काली टेंट हाउस को 7 लाख रुपये, सागर सिंह को 7 लाख 50 हजार रुपये, कुणाल हाड़ा को 7 लाख 5 हजार रुपये, धर्मेंद्र फेरीवाला को 2 लाख 36 हजार रुपये, सतीश चौधरी को 9 लाख 5 हजार रुपये, रामचंद्र सिरोलिया को 10 लाख रुपये, मनोहर मंडलोई को 13 लाख रुपये, मंडलोई दूध डेयरी को 5 लाख रुपये, अनिल सिंह राजपूत को 8 लाख रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उनके व्यवसायों का विस्तार करना, ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करना तथा महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराना है। उद्योग संवाद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने स्व-सहायता समूहों से जुड़ने के बाद अपने जीवन में आए आर्थिक एवं सामाजिक बदलावों की प्रेरक कहानियां साझा कीं। महिलाओं ने बताया कि समूहों से जुड़ने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्व-सहायता समूह की सदस्य भावना शिवहरे ने बताया कि पहले वे केवल घरेलू कार्य करती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद आत्मनिर्भर बनीं और अब प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। संवाद के दौरान स्थानीय उद्यमियों ने अपने व्यवसायों की प्रगति और योजनाओं से मिले लाभों की जानकारी दी। रामकुमार सिरोलिया ने बताया कि ऋण लेकर व्यवसाय शुरू किया जो वर्तमान में अच्छे परिणाम दे रहा है। कार्यक्रम में डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, स्थानीय उद्यमी व स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 2, 5, 18, 19 एवं 21 में निर्मित सीसी सड़कों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रविदास नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए बनाए गए सीसी नाले का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड 19 एवं 21 में सीसी सड़क निर्माण कार्यों के साथ गार्डन की बाउंड्रीवॉल का अवलोकन किया। उन्होंने सड़कों पर सरफेस रिपेयर कार्य कराने के निर्देश निगम के सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी एवं उपयंत्री भूमिका जैन को दिए।वहीं, वार्ड क्रमांक 2 स्थित तुलजा विहार के गार्डन में लगाए गए पेवर्स ब्लॉक में सुधार कराने के निर्देश उपयंत्री चंदन सोनी को दिए गए।

खबर संक्षेप

साझे के ट्रैक्टर को लेकर विवाद, मारपीट

ललितपुर। गिरार थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरखेड़ा में साझे के ट्रैक्टर को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसके ससुर और तीन देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेमरखेड़ा निवासी सोनावती पत्नी निरभान सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को शाम करीब 5.30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान साझे के ट्रैक्टर को लेकर उनके ससुर नाथूराम और देवर वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। सोनावती और उनके पति निरभान सिंह ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। मामले में पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया है। इस मामले में पुलिस ने ग्राम सेमरखेड़ा निवासी नाथूराम पुत्र स्व.ऊदल, मिहीलाल, नरेंद्र और छोटू पुत्रगण नाथूराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पेट्रोल कम देने का आरोप, विरोध करने पर ग्राहक से अभद्रता

ललितपुर। राजघाट रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कम मात्रा देने और इसका विरोध करने पर ग्राहक के साथ गाली-गलौज व अभद्रता किए जाने का आरोप सामने आया है। मामले की सूचना पर यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शिकायतकर्ता ने कोतवाली ललितपुर में लिखित शिकायत देकर मामले की जांच और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नेहरू नगर निवासी ओमकार यादव के अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 7.15 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.के.3174 में पेट्रोल भरवाने के लिए राजघाट रोड स्थित उक्त पेट्रोल पंप पर पहुंचे थे। उन्होंने पंप पर 110 रुपये का पेट्रोल भरवाया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पेट्रोल की मात्रा कम होने का संदेह होने पर उन्होंने कर्मचारी से इस संबंध में सवाल किया। आरोप है कि इस पर कर्मचारी ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। ओमकार यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि विवाद के बाद उन्हें दोबारा 110 रुपये का पेट्रोल डलवाना पड़ा। उनके मुताबिक, इस दौरान कुल 220 रुपये के दो अलग-अलग लेनदेन हुए, जिनकी रसीद भी उनके पास है। घटना की सूचना मिलने पर यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने कोतवाली ललितपुर में प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पेट्रोल की वास्तविक मात्रा कम दिए जाने और कर्मचारी द्वारा अभद्रता किए जाने के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पेट्रोल पंप प्रबंधन का पक्ष तथा पुलिस की जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन, समायोजन की बैठक संपन्न

जिलाधिकारी के विधानसभावार बीएलओ ट्रेनिंग कराने रिटर्निंग अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर परखी सुरक्षा



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के सम्भाजन एवं समायोजन से संबंधित प्रस्तावों को अंतिम रूप प्रदान करने हेतु आयोजित की गई थी।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सम्मानित प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के पुनर्गठन, सम्भाजन एवं समायोजन के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए तथा यह आश्वासन दिया कि प्राप्त सभी तर्कसंगत सुझावों का परीक्षण कर आयोग की नियमावली के अनुसार निस्तारण किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग अफसरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ के लिए विशेष एवं गहन प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराएं। इस प्रशिक्षण में बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग की नवीनतम गाइडलाइंस, तकनीकी ऐप्स, घर-घर जाकर सत्यापन करने की प्रक्रिया तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण संबंधी सभी तकनीकी बिंदुओं से भली-भांति अवगत कराया जाए ताकि धरातल पर कार्य में कोई त्रुटि न रहे।

इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन कार्य की समीक्षा करते हुए समस्त बूथ लेवल अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण व मतदेय स्थलों के सम्भाजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनिमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी बीएलओ अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक एवं कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के समापन के उपरांत, भारत निर्वाचन आयोग के मानकों व प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम वेयरहाउस की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सर्विलांस, अग्निशमन तंत्र तथा सुरक्षा बलों की तैनाती की गहन जांच की गई। सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को आयोग के सभी सुरक्षा मानकों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस अवसर पर माननीय विधायक सदर प्रतिनिधि के रूप में श्रीकांत कुशवाहा, विधानसभा क्षेत्र 227-महरौनी से माननीय विधायक के प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह / विनोद राजपूत, आम आदमी पार्टी से जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद, इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रतिनिधि दयाराम रजक (डीजीसी), समाजवादी पार्टी से जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव तथा अपना दल (सोनेलाल) से जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन शामिल हुए।

ट्रेनों में चोरी की दो वारदातें

बुजुर्ग का मोबाइल व महिला का जेवरात-नकदी से भरा पर्स चोरी

जीआरपी ने दोनों ही मामलों में दर्ज किए मुकदमे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों के सामान की चोरी के दो मामले सामने आए हैं। गोंडवाना एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे 82 वर्षीय बुजुर्ग का मोबाइल फोन चोरी हो गया, जबकि तुलसी एक्सप्रेस में प्रयागराज से मुंबई जा रही महिला यात्री का जेवरात और नकदी से भरा पर्स गायब हो गया। दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के रांझी क्षेत्र स्थित सर्रा पीपल नई बस्ती निवासी 82 वर्षीय बाबूलाल पुत्र राम प्रसाद ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि वह 20 सितंबर 2026 को ट्रेन संख्या 22182 गोंडवाना एक्सप्रेस से हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर जा रहे थे। वह ट्रेन के कोच संख्या एस-6 में सीट नंबर 41 की लोअर बर्थ पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्हें नींद आ गई। जब आंख खुली तो जेब में रखा रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन गायब मिला। उस समय ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। आसपास तलाश करने के बाद भी मोबाइल का पता नहीं चला। चोरी हुए फोन में एयरटेल कंपनी की सिम लगी थी। शिकायत में मोबाइल का आईएमईआई नंबर भी दर्ज कराया गया है। जीआरपी ने इस मामले में बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी घटना में कौशाम्बी जिले के करारी थाना क्षेत्र निवासी निशात फात्मा पत्नी शजर अब्बास (29) का लेडीज पर्स चोरी हो गया। पीड़िता के अनुसार, वह 21 अक्टूबर 2026 को ट्रेन संख्या 22130 तुलसी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-4 में सीट नंबर 57 पर बैठकर प्रयागराज जंक्शन से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी), मुंबई की यात्रा कर रही थीं। 22 अक्टूबर को तड़के करीब 3.17 बजे जब उनकी आंख खुली, उस समय ट्रेन बांदा रेलवे स्टेशन के पास थी। इसी दौरान उन्हें अपना पर्स गायब होने की जानकारी हुई। काफी तलाश करने के बाद भी पर्स नहीं मिला। महिला की शिकायत के अनुसार, चोरी हुए पर्स में सोने की तीन अंगूठियां, चांदी की एक पायल, चांदी की दो अंगूठियां और करीब तीन हजार रुपये नकद रखे थे। घटना के बाद पीड़िता ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी ललितपुर ने इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अफवाहों पर ध्यान न देने अपील

ललितपुर में आज से समितियों पर फिर शुरू होगा खाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में उर्वरक खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर किसानों के लिए राहत भरी सूचना जारी की गई है। जिले की सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि कृभको के दिल्ली स्थित मुख्यालय में तकनीकी समस्या उत्पन्न होने के कारण खाद वितरण में व्यवधान आया है। इस समस्या का समाधान 24 अक्टूबर की शाम तक किए जाने की संभावना जताई गई है। तकनीकी समस्या का निराकरण होने के बाद 25 अक्टूबर 2026 से समितियों के माध्यम से खाद का वितरण दोबारा शुरू किया जाएगा। इससे खाद लेने के लिए समितियों पर पहुंचने वाले किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। संबंधित विभाग की ओर से जनपद के सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे खाद की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसानों से अपील की गई है कि वे भ्रामक सूचनाओं से बचें और खाद वितरण संबंधी सही जानकारी पर ही भरोसा करें। प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, जनपद की समितियों पर उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। तकनीकी समस्या दूर होने के बाद व्यवस्था के तहत खाद वितरण किए जाने की बात कही गई है।

मड़ावरा में चबूतरे पर खाना बनाने को लेकर भिड़े दो पक्ष

ललितपुर। मड़ावरा कस्बे के रीठा मोहल्ले में शुक्रवार देर शाम चबूतरे पर खाना बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच ईंट-पत्थर चलने लगे। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल 10 लोग घायल हो गए। अचानक हुई मारपीट और पथराव से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। घटना में दोनों पक्षों के महिला और पुरुषों सहित कई लोग चोटिल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना में एक पक्ष से जशोदा (34), लखन कुशवाहा (38), जय कुमार (17), दीपक (25) और अवंतिका (15) घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावारा ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान दीपक की चोटें गंभीर पाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार सीएचसी मड़ावारा में किया गया। वहीं, दूसरे पक्ष से गुडडी (40), अमर सिंह, अशोक, राजेंद्र और मनोज के घायल होने की जानकारी सामने आई है। इन लोगों को भी घटना के दौरान चोटें आईं। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। मड़ावारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

ललितपुर में एक नवंबर को लगेगा वृहद मेगा शिविर

निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाओं, बच्चों व श्रमिकों सहित विभिन्न वर्गों के पात्र को योजनाओं से जोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव कुमार तृतीय के दिशा-निर्देशन में एक नवंबर को जनपद स्तर पर वृहद मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस शिविर के माध्यम से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद और पात्र व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩा तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने में सहायता करना है। मेगा शिविर के माध्यम से निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चे, महिलाएं, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार, मेगा शिविर के आयोजन से पहले संबंधित विभागों की ओर से जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों का चिन्हांकन और चयन किया जाएगा। इसके बाद चयनित लाभार्थियों को उनकी पात्रता के अनुसार संबंधित योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वह विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी संबंधित विभागों से प्राप्त कर लें। पात्र व्यक्ति अपना पंजीकरण अथवा आवेदन समय से पूरा कराएं, जिससे उन्हें एक नवंबर को आयोजित होने वाले वृहद मेगा शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। प्राधिकरण का प्रयास है कि पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें सरकारी सुविधाओं से जोड़ा जाए।

ललितपुर में राशन वितरण की तिथि बढ़ी

30 तक मिलेगा निशुल्क गेहूं-चावल, पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरित करेंगे

ललितपुर। जनपद के राशन कार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत अक्टूबर 2026 के सापेक्ष वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। अब अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारक निर्धारित तिथि तक अपनी उचित दर की दुकानों से निशुल्क गेहूं और चावल प्राप्त कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के निर्देशों के क्रम में खाद्यान्न वितरण की अवधि बढ़ाई गई है। उन्होंने जनपद के सभी पात्र राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वह निर्धारित समय के भीतर अपनी कोटे की दुकान पर पहुंचकर अक्टूबर माह का राशन अवश्य प्राप्त कर लें। अंत्योदय राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निशुल्क दिया जाएगा। इसमें 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल शामिल हैं। वहीं, पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा। इसमें दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलोग्राम चावल शामिल हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशन प्राप्त करने के लिए कार्डधारक अपनी उचित दर की दुकान पर जाकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण कराएं। इसके बाद उन्हें निर्धारित मात्रा में निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय से राशन प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई होती है, उनके लिए मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के सत्यापन के जरिए भी राशन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जय अंबे रक्तदान समिति ने की मदद

रवि पंत ने किशोरी को रक्तदान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए स्वैच्छिक रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। इसी भावना के साथ रवि पंत ने 16 वर्षीय किशोरी को रक्तदान कर समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल पेश की। युवा पटेल वाहिनी की सूचना पर जय अंबे रक्तदान समिति के माध्यम से रक्तदान की व्यवस्था कर बच्ची की मदद की गई। जिलाधिकारी कार्यालय में कार्यरत रवि पंत ने पांचवीं बार रक्तदान करते हुए किशोरी की सहायता की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी मरीज के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकती है। दुर्घटनाओं, बड़ी सर्जरी और गंभीर बीमारियों के उपचार में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में स्वस्थ एवं रक्तदान के योग्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से ब्लड बैंक में सुरक्षित रक्त की उपलब्धता बनाए रखने में भी सहयोग मिलता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए। जय अंबे रक्तदान समिति अध्यक्ष दीपक राठौर ने रवि पंत के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस दौरान समाजसेवी कन्हैया लाल रजक, बलराम राज, मलिक हयात, सुजान पटेल, संतोष पटेल सलैया, संजय पटेल, परशु सेन, बालमुकुंद सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

स्कूल के बाहर खड़ी स्कूटी की डिग्गी से 50 हजार रुपए चोरी

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है। सिविल लाइन सदनशाह के पास स्थित डॉन बॉस्को स्कूल के बाहर खड़ी स्कूटी की डिग्गी से अज्ञात युवक ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना के समय स्कूटी मालिक अपनी बच्ची को लेने स्कूल के अंदर गए थे। इस दौरान आरोपी ने मौका पाकर डिग्गी खोली और उसमें रखी नकदी निकालकर बाइक से फरार हो गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया।

देवगढ़ रोड स्थित नेहरू नगर निवासी प्रमोद राठौर पुत्र पुरुषोत्तम नारायण राठौर के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार को सुबह करीब 11.10 बजे तुवन चौराहा स्थित एक बैंक से दो लाख रुपये निकाले थे। इसमें से 500 रुपये के नोटों के तीन बंडल, कुल डेढ़ लाख रुपये, उन्होंने अपनी जेब में रख लिए थे। वहीं, 100 रुपये के नोटों के पांच बंडल यानी 50 हजार रुपये स्कूटी की डिग्गी में रख दिए थे। प्रमोद राठौर रुपये लेकर डॉन बॉस्को स्कूल पहुंचे थे। सुबह करीब 11.25 बजे वह अपनी बच्ची को लेने के लिए स्कूल के अंदर चले गए।

इसी दौरान अज्ञात युवक ने स्कूटी की डिग्गी खोलकर उसमें रखे 50 हजार रुपये निकाल लिए और बाइक से मौके से फरार हो गया। जब पीड़ित को रुपये चोरी होने की जानकारी हुई तो उन्होंने घटना के संबंध में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। वायरल फुटेज में टोपी लगाए एक युवक स्कूटी की डिग्गी खोलकर नकदी निकालता और बाइक से जाता दिखाई दे रहा है।

जगतगुरु स्वामी डा.कृष्णागिरी महाराज ने किया कन्या पूजन, कन्या भोज कराया

सिद्धपीठ सर्वेश्वर धाम में भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आश्रम कॉलोनी स्थित श्रीश्री 1008 सिद्धपीठ सर्वेश्वर धाम में नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। मंदिर परिसर में कन्या पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए सात दिनों तक सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही।

भागवत कथा के अंतिम दिन जगतगुरु स्वामी डा.कृष्णागिरीजी महाराज के सानिध्य में कन्या पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर के संरक्षक स्वामी डा.कृष्णागिरीजी महाराज ने विधि-विधान के साथ कन्याओं के चरण पूजन कर उनका सम्मान किया। इसके बाद कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। भोजन के उपरांत कन्याओं को उपहार एवं आशीर्वाद देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया। भागवत कथा के समापन पर आयोजित विशाल भंडारे में भी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से नवरात्रि की धार्मिक परंपराओं और कन्या पूजन के महत्व को श्रद्धापूर्वक निभाया गया। कार्यक्रम में भक्त रमेश, सुरेश, बृजेंद्र सपेरा, सुरेंद्र सपेरा, आस्था सपेरा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया गया आयोजन

ग्राम बिल्ला में रैकवार समाज ने मनाया हाथी पूजन पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ला में रैकवार समाज द्वारा हाथी पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता की।

पूरे गांव में सुबह से ही पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। हाथी पूजन पर्व पर रैकवार समाज के लोगों ने अपनी धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं के अनुरूप पूजन-अर्चन किया। इसका मुख्य उद्देश्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करने के साथ समाज और गांव में सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलकामना करना रहा। शोभायात्रा में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सामूहिक रूप दिया। रैकवार समाज अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के तहत इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाता आ रहा है। ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के साथ ही आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को भी मजबूत करते हैं। ग्राम बिल्ला में आयोजित हाथी पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। धार्मिक आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाए गए इस पर्व ने गांव के वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता ने आयोजन को सामूहिक उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर कार्य शुरू होने से पहले भुगतान का मामला

बिना काम ही पंचायत गोघटपुर ने निकाल लिए 3.97 लाख, पंचायत इंस्पेक्टर ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

जनपद पंचायत जीरापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोघटपुर में न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर कार्य शुरू नहीं होने से पहले ही भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। मेरी पंचायत पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को ओम स्टील, जीरापुर के नाम पर 3 लाख 97 हजार रुपये का भुगतान दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि भुगतान के समय निर्माण कार्य नहीं हुआ था। मामले में शिकायतों और खबर प्रकाशन के बाद करीब छह महीने बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इससे पंचायत की भुगतान प्रक्रिया और जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।





निर्माण से पहले भुगतान कैसे हुआ?

ग्रामीणों के अनुसार, न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर का निर्माण होना था, लेकिन कार्य शुरू होने से पहले ही राशि का भुगतान कर दिया गया। इस मामले में सरपंच योगेश गुप्ता और सचिव भेरूलाल कुम्भकार की भूमिका को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत जीरापुर से लेकर जिला पंचायत राजगढ़ तक शिकायत की है। इसके बावजूद अब तक जांच दल गठित होने या जांच शुरू होने की जानकारी सामने नहीं आई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि भुगतान के समय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था, तो राशि किस आधार पर जारी की गई? क्या भुगतान से पहले इंजीनियर ने स्थल निरीक्षण कर मूल्यांकन किया था? यदि हां, तो बिना निर्माण कार्य के मूल्यांकन किस आधार पर किया गया? इन सवालों का जवाब संबंधित दस्तावेजों की जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा।

जांच और जवाबदेही का इंतजार

ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जनपद और जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच कब शुरू करते हैं और भुगतान से संबंधित बिल-वाउचर, माप पुस्तिका तथा तकनीकी मूल्यांकन की पड़ताल करते हैं या नहीं। सरकारी राशि के उपयोग और निर्माण कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि भुगतान की प्रक्रिया, निर्माण में देरी और जिम्मेदारी से जुड़े तथ्यों का खुलासा हो सके।

इनका कहना है...

इस संबंध में सचिव से पूछा जाए कि उन्होंने राशि क्यों निकाली। नियमानुसार छह महीने तक कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है। पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

अनिल शिवहरे, पंचायत इंस्पेक्टर जीरापुर

उक्त योजना की राशि निकाल ली गई है, लेकिन अब काम चालू कर दिया, जल्द ही निर्माण पूरा हो जाएगा।

भेरूलाल कुंभकार, सचिव ग्राम पंचायत गोघटपुर

निर्माण की गुणवत्ता पर उठे

टीन शेड हवा में उड़ा, कई चद्दरें मुड़ गईं तो कई उखड़ गईं



नगर पालिका ने ठेकेदार का भुगतान रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर पालिका सारंगपुर में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 18 में एसपी हनुमान मंदिर के पास कुछ समय पहले चद्दर सेड लगाया गया था। , लेकिन टीन शेड की हालत देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार, टीन की चादरें इतनी पतली हैं कि तेज हवा के चलते कुछ चादरें उड़ गईं, जबकि कुछ छत पर ही मुड़कर क्षतिग्रस्त हो गईं। निर्माण के कुछ ही समय बाद शेड की ऐसी स्थिति सामने आने से सामग्री की गुणवत्ता और निर्माण कार्य में बरती गई सावधानियों पर सवाल उठ रहे हैं। मामले को लेकर जब नगर पालिका के इंजीनियर विक्की ब्राह्मण से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोक दिया गया है। हालांकि, भुगतान रोकने के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर कराई जाएगी और संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई होगी, यह देखना बाकी है। सार्वजनिक कार्यों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि निर्माण के कुछ समय बाद ही शेड क्षतिग्रस्त होने लगे, तो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होना जरूरी है। अब सवाल यह है कि नगर पालिका सारंगपुर केवल भुगतान रोककर मामला समाप्त करेगी या निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई भी करेगी?

जिला, संभाग व राज्य स्तर पर प्रथम रहे

अविरल की संगीत में जीत की हैट्रिक राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के होनहार गायक अविरल सक्सेना ने कला उत्सव की शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में लगातार तीन स्तरों पर सफलता हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। अविरल ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तर के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद संभाग स्तर पर जीत दर्ज करते हुए राज्य स्तर पर प्रवेश किया। राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने राष्ट्रीय कला उत्सव के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।

अविरल सक्सेना नगर के प्रसिद्ध संगीत गुरु एवं बागेश्वरी म्यूजिक एकेडमी के संचालक अजय वंशकार के शिष्य हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में अविरल ने शास्त्रीय संगीत की साधना शुरू की। कुछ वर्ष पूर्व नवोदय विद्यालय में चयन होने के बाद उन्हें वहां के वरिष्ठ संगीत गुरु श्याम सुंदर भट्ट से भी संगीत की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। दोनों गुरुजनों के मार्गदर्शन, नियमित रियाज और अविरल की निरंतर मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।अविरल के पिता सत्येंद्र सक्सेना एवं माता स्मिता सक्सेना ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफलता का श्रेय गुरुजनों के आशीर्वाद और बेटे की मेहनत व लगन को दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गत दिवस को भोपाल संभाग के संभागीय संयुक्त संचालकएच.के. शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से लक्ष्यों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ को लेकर भाजपा जिला बैठक संपन्न

कांग्रेस सनातन संस्कृति को समाप्त करने में लगी: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ को लेकर भाजपा की जिला बैठक ब्यावरा रोड पर स्थित सोना कुंज होटल में शुक्रवार को दिन के 12बजे आयोजित की गई। बैठक को जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सनातन संस्कृति को समाप्त करने मैं लगी हुई है। परंतु उसके पास शिवाय अफवाह फैलाने हिंदुओं को बांटने तथा असंभव कार्य को संभव बनाने के लिए भीड़ तंत्र का सहारा लेकर केंद्र की सरकार तथा चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर बार-बार सवाल उठाकर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। जबकि कई प्रदेशों में कांग्रेस को सत्ता से दूर हुए 20 से 40 वर्ष बीत चुके हैं फिर भी कांग्रेस एसआईआर पर बार-बार सवाल उठा उठाकर देश में अराजकता फैलाना का कार्य करने में लगी हुई

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा कहा कि इस आयोजन को लेकर प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक एक टोली का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से इस आंदोलन को नीचे तक ले जाने का कार्य पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कांग्रेस के दुष्प्रचार को रोकना होगा। जिससे देश की भोली भाली जनता इन नेताओं के बहकावे में नहीं आपावे। कार्यक्रम को स्वतंत्र राज्य मंत्री गौतम टेटवाल लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ के जिला संयोजक मोहन गुप्ता द्वारा भी संबोधित किया गया। वही इस बैठक व्यवस्था को अमली जामा पहनाने वाले विधायक मोहन शर्मा द्वारा कहा कि हम सौभाग्यशाली है जो हमें एक साथ जिले के इतने नेताओं का स्वागत सत्कार करने का मौका मिलता है आप हमें बार-बार अवसर दें हम इसी प्रकार आपको व्यवस्था देते रहेंगे साथ ही उन्होंने कांग्रेस के चरित्र पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा हिंदू मुस्लिम को बांटकर देश की एकता और अखंडता को खंडित करने का काम अगर किसी पार्टी द्वारा किया जाता रहा है इसी का परिणाम है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर भीड़ तंत्र का सहारा लेकर देशमें अराजकता फैलाकर समाज को बांटने का कार्य कर रही है।



इस अवसर सांसद रोडमल नागर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, बद्रीलाल यादव, प्रताप मंडलोई, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चैहान, दीपक शर्मा, अभियान प्रभारी मोहन गुप्ता, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, ममता इंदौरिया,मंडल अध्यक्ष देवेंद्रसिंह बन्ना सभी मंचा सीन अतिथियों ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की गई।

'श्रीपाल रास का वृष्तांत हमें धर्म पर श्रद्धा रखने व मिथ्यात्व से दूर रहने की प्रेरणा देता है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बमंदसौर

नवपदजी की ओली की धर्म आराधना के दौरान हम सभी को श्रीपाल रास का श्रवण करना चाहिए। श्रीपाल रास का जो वृष्तांत है वह हमें धर्म पर श्रद्धा रखने व मिथ्यात्व से दूर रहने की प्रेरणा देता है, जो भी व्यक्ति धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा रखता है उसका सदा ही मंगल होता है तथा मिथ्यात्व दृष्टि रखने वालों को जीवन में दुख, गरीबी, अपयश ही भोगना पड़ता है।

जैन संत प्रत्यक्षरत्नविजय म.सा. ने जीवागंज स्थित श्री राजेन्द्र विलास में आयोजित श्रीपाल रास का श्रवण कराते हुए कहे। उन्होंने नवपद की ओली के सप्तम दिवस शनिवार को श्रीपाल व मैनासुन्दरी का वृतांत बताते हुए कहा कि मैनासुन्दरी धर्म पर श्रद्धा रखने वाली सच्ची श्राविका थी, वह देव, गुरू व धर्म पर अटूट श्रद्धा रखती थी जबकि उसकी बहन सुर सुंदरी मिथ्यात्म को ही धर्मा मानती थी। अर्थात वह धर्म के प्रति श्रद्धा नहीं बल्कि मिथ्यादृष्टि रखती थी। उज्जैन के राजा प्रजापाल ने सुरसुंदरी का विवाह राजपूत अर्थात राजा के यहाँ किया लेकिन अपनी एक और पुत्री मैनासुंदरी का विवाह कुष्ठरोगी श्रीपाल से किया। मैनासुंदरी ने गुरु से आज्ञा लेकर प्रभुजी का स्नात महोत्सव किया, उसके प्रभाव के कुष्ठ रोगी श्रीपाल पुनः रूपवान हो गया और उसने जीवन में कई युद्ध कर विजेता बनते हुए विशाल सेना व सम्पत्ति अर्जित की। नवपदजी की ओली के प्रभाव से मैनासुन्दरी व श्रीपाल ने धन, यश सब पाया लेकिन दूसरी और मिथ्यात्व भाव रखने वाली सुरसुन्दरी को विवाह के बाद कई कष्ट सहन करने पड़े। उसका पति राजपुत्र होने के बावजूद भी पत्नी को विपद में छोड़ भाग गया। बाद में सुरसुन्दरी को नटकला दिखाने वाली मण्डली में नृत्य करने वाली के रूप में शामिल होना पड़ा इसलिए जीवन में मिथ्यात्व भाव छोड़ो, धर्म पर श्रद्धा रखो। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक, श्राविकाएं उपस्थित थे। प्रभावना तेजमलजी चांदमलजी दुग्गड़ परिवार ने वितरित की।

धन को नहीं, धर्म को महत्व दो : विरलविजय

मंदसौर। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म को महत्व देना चाहिए। धर्म के बिना जीवन में कहीं भी सुख नहीं मिल सकता। साश्वत नवपदजी की ओली में श्रीपाल व मैनासुन्दरी की कथा हमें जरूर सुनना चाहिए किस प्रकार धर्म पर अटूट श्रद्धा रखने वाली मैनासुन्दरी ने देव, गुरू व धर्म के प्रभाव से अपने कुष्ठ रोगी पति को निरोगी काया वाला बना दिया और जीवन में पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए पति के प्रत्येक कार्य में उसका सहयोग किया। जीवन में हमें भी मैनासुन्दरी व श्रीपाल राजा की कथा से प्रेरणा लेकर धन को नहीं धर्म को महत्व देना चाहिये। उक्त उद्गार जैन संत विरल विजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित श्री आराधना भवन में आयोजित धर्म सभा में कहे। आपने शनिवार की यहां धर्मसभा में कहा कि जो व्यक्ति धर्म को जीवन में धारण करता है धर्म भी उसकी रक्षा करता है। प्रजापाल राजा ने कमलप्रभा की दो पुत्रियां मैनासुन्दरी व सुरसुन्दरी जिसे माता-पिता ने समान शिक्षा दी, समान सुविधाये दी, 64 कलाये सिखायी। इसके बावजूद भी दोनों के विचार भिन्न थे। मैनासुन्दरी धर्म पर श्रद्धा रखने के कारण सुखी जीवन को प्राप्त किया क्योंकि वह धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा रखने वाली थी। देव, गुरु, धर्म के प्रभाव से पति श्रीपाल ने खोया हुआ राजपाठ फिर से पा लिया। जीवन में धर्म पर अटूट श्रद्धा रखना चाहिए। नवपदजी की धर्म आराधना का शुभ फल देती है। नवपदजी की ओली का महत्व स्वीकारना चाहिए। जीवन में मिथ्यात्व दृष्टि अर्थात धन को महत्व नहीं देना चाहिये। धन के महत्व देने का परिणाम देखना हो तो सुरसुन्दरी का दृष्टांत देखो जिसे राजपूत से विवाह के बाद भी कष्ट सहन करना पड़ा।

सरस्वती महाविद्यालय में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में हुआ गरबा का आयोजन



मंदसौर। सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गरबा आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बी.एड एवं डी.एल.एड के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक गरबा नृत्य में सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा एवं लोक संगीत के साथ प्रशिक्षणार्थियों ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पूरे वातावरण में उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक उल्लास का सुंदर संगम देखने को मिला। इस आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों में सांस्कृतिक एकता, आपसी सद्भाव तथा भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बी.एड एवं डी.एल.एड के समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय दलौदा की तीन खिलाड़ियों का कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दलौदा







शासकीय महाविद्यालय दलौदा की तीन महिला खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 22 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। टीम ने कोच डॉ. रजाक मेवा फ़रोश एवं मैनेजर प्रो. मेनाज बी. के मार्गदर्शन में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक अपनी जगह बनाई। टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय की चेतना व्यास, चंचल सालित्रा एवं दीपिका चौधरी का उज्जैन में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है।

चयनित खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिता में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. माला हकवाड़िया एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

नई अफीम नीति में मॉर्फिन की शर्तों व सीपीएस व्यवस्था से किसानों की चिंता बढ़ी

केंद्र सरकार नीति की समीक्षा कर राहत दे : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित अफीम नीति 2026-27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मंदसौर, नीमच सहित पूरे मालवा के अफीम उत्पादक किसानों को इस नीति से जुड़ी पात्रता और उत्पादन संबंधी शर्तों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। अफीम की खेती यहां के हजारों किसान परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार है। ऐसे में सरकार को किसानों की वास्तविक परिस्थितियों, खेती की लागत और मौसम की अनिश्चितता को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए।

गुर्जर ने कहा कि अफीम पद्धति में 4.4 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर मॉर्फिन की न्यूनतम पात्रता निर्धारित की गई है। जिन किसानों की औसत मॉर्फिन उपज 3.0 किलोग्राम या उससे अधिक, लेकिन 4.4 किलोग्राम से कम रही है, उनके लिए सीपीएस पद्धति में 5 आरी के लाइसेंस का प्रावधान किया गया है। इससे पारंपरिक लुनाई-चिराई पद्धति से खेती करने वाले किसानों के सामने अपनी खेती की पद्धति और आय को लेकर नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि किसानों को उनकी वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप न्यायसंगत विकल्प और आर्थिक सुरक्षा कैसे मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगले फसल वर्ष 2027-28 के लिए 5.9 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर मॉर्फिन की न्यूनतम उपज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्राकृतिक परिस्थितियों, प्रतिकूल मौसम, फसल में बीमारी और अन्य कारणों से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में इतना ऊंचा मानक पूरा नहीं कर पाने वाले किसानों के भविष्य के लाइसेंस पर संकट की आशंका बनी हुई है। सरकार को इस प्रावधान की समीक्षा कर किसानों को व्यावहारिक राहत देनी चाहिए।



सीपीएस पद्धति के किसानों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए गुर्जर ने कहा कि इस व्यवस्था में भी उपज के कठोर मानक किसानों के लिए चिंता का विषय हैं। वर्ष 2025-26 में 800 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से कम औसत पोस्त भूसा उपज देने वाले किसानों को वर्ष 2026-27 में खेती से निलंबित किए जाने का प्रावधान है। वहीं, आगामी फसल वर्ष 2027-28 की पात्रता के लिए 900 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की उपज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों की आय और लाइसेंस को उत्पादन के ऐसे मानकों से जोड़ते समय प्राकृतिक आपदाओं और मौसम के प्रभाव को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अफीम नीति जारी होने में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 40 दिन की देरी हुई। इससे किसानों की बुवाई की तैयारी और कृषि संबंधी योजनाएं प्रभावित हुईं। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में नीति समय पर घोषित हो, ताकि किसानों को अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़े।

गुर्जर ने केंद्र सरकार के समक्ष निम्न मांगें रखी

मॉर्फिन के पात्रता मानकों की समीक्षा कर किसानों को व्यावहारिक राहत दी जाए और उत्पादन में प्राकृतिक कारणों से आई कमी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाई जाए। सीपीएस पद्धति के किसानों को उपज संबंधी शर्तों में राहत दी जाए तथा कम उत्पादन के कारण किसानों की आजीविका प्रभावित होने से बचाया जाए। पारंपरिक लुनाई-चिराई पद्धति से खेती करने वाले किसानों के हितों की रक्षा की जाए और पात्र किसानों के लाइसेंस सुरक्षित रखने के लिए उचित प्रावधान किए जाएं। वर्षों से निरस्त अफीम पट्टों की बहाली तथा अन्य पात्र किसानों को लाइसेंस देने के संबंध में न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाए।